तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

22 नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्रामीणों ...



22 तिल्दा रेलवे स्टेशन पर वृद्धा की मौत पर पुलिस...






## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता दी

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए लिए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति व्यक्ति छबेली जांगड़े पति जगदीश कुमार जांगड़े, निवासी ग्राम दतरेंगी, तहसील पलारी के कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल आंसर जारी

**बलौदाबाजार** | मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का मॉडल आंसर जारी कर दिया गया है। मॉडल आंसर के सम्बन्ध में दावा आपत्ति 30 मई तक निर्धारित की गई थी।दावा आपत्तियों का प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित विद्यार्थी,पालक संशोधित मॉडल उत्तर का अवलोकन कर सकते है।

### सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप आपदा के पूर्व करेंगे अलर्ट

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार द्वारा आपदाओं जैसे बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात आदि के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने हेतु सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप्प विकसित की गई है। आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप्प को जनसामान्य आदि के मोबाईल में डाउनलोड कराने कहा है।सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप्प गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसे कोई भी एंड्राइड मोबाइल से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### स्कूल खुलने के पहले निजी स्कूलों में नहीं पहुंची पुस्तकें

**भटगांव।** स्कूल खुलने में गिनती के दिन बाकी है, लेकिन स्कूली बच्चों की किताबों का कोई ठिकाना नहीं। सरकार ने स्कूल खुलने की तारीख तय की, लेकिन



किताब वितरण की तारीख निर्धारित नहीं है। भाजपा सरकार ने शिक्षा को भी अव्यस्था के हवाले कर दिया है। एनसीआरटी की किताबें अनिवार्य कर दीं, मगर लाखों बच्चों तक किताबें पहुंचाने की तैयारी तक नहीं की। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक एनसीआरटी की किताबें अनिवार्य हैं। गर्मियों के छुट्टियों के बाद छत्तीसगढ़ में 16 जून से स्कूल खुल जाएंगे। स्कूलों के खुलने से पहले स्कूलों में किताबों को पहुंच जाना था। शेष पेज 14 पर

# रोजगार मेले में 83 का साक्षात्कार, 40 युवकों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में बुधवार को निजी क्षेत्रों के 6 नियोजकों से प्राप्त 143 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में 83 युवाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया एवं 40 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।इसी तरह ईएलएक्सर कम्युनिकेशंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा वायरमेन, सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन , जूनियर ड्राफ्टमेन के 26 रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 18 उपस्थित हुए इसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। उत्कर्ष पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल रसेडा बलौदाबाजार द्वारा शिक्षक के 10 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 6 आवेदक उपस्थित थे।

रोजगार मेला में डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत, कौशल विकास विभाग, रोजगार कार्यालय एवं लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई सकरी के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न कंपनियों द्वारा 64 से अधिक युवाओं का प्राथमिक चयन



### रोजगार मेले में विभिन्न पदों के लिए हुआ साक्षात्कार

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड, बॉयलर ऑपरेटर, इंस्ट्रूमेंट, इलेक्ट्रिशियन एवं फिटर के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया जिसमें 32 आवेदक उपस्थित हुए। न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार द्वारा इंजीनियर के 1 पद हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 1 आवेदक उपस्थित हुए, जिनका प्राथमिक चयन किया गया है। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर एवं लाईफ मित्र के 33 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 58 आवेदक उपस्थित इसमें से 21 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, मैकनिकल इंजीनियर, हेल्पर के, हाइड्रा ड्राइवर के 30 पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 19 आवेदक उपस्थित हुए इसमें से 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।

## प्रमाणित बीज उत्पादन पर किसानों को मिलेगा 750 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त लाभ

# जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम की शुरुआत किसानों को अतिरिक्त आय का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के किसानों को खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही उनके आय बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में बीज़ उत्पादन की कार्यवाही शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी।छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड छेरकापुर एवं कृषि विभाग के समन्वय से किसानों को बीज उत्पादन कार्यक्रम पंजीयन की कार्यवाही की जएगी। बीज उत्पादन हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा बी-1 की छायाप्रति के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर किसान पंजीयन करा सकते हैं। बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु पंजीयन 930 रूपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

अपने खेत की फसल का बीज प्रमाणीकरण हेतु बीज प्रबंधक, छ.ग. राज्य बीज एवं निगम छेरकापुर पलारी कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर निर्धारित समय सीमा में पंजीयन अवश्य करा सकते हैं।बीज़ परीक्षण में मानक प्राप्ति उपरान्त कृषकों को 3850 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि भुगतान किया जाएगा जो कि सामान्य दर 3100 से 750 रूपये अधिक है। जिससे किसानों को अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।

### 1250 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित



### किसानों को किया जाएगा प्रोत्साहित

*उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु 1250 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगामी वर्ष 2027 हेतु बीज मांग को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक किसानों को बीज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा । वर्ष 2025 में 416 कृषकों द्वारा 746.350 हेक्टेयर में बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया गया था।*

### बीज भंडारण व वितरण की व्यापक व्यवस्था

*किसानों को खरीफ मौसम वर्ष 2026 हेतु उच्च गुणवत्ता वाले आधार एवं प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराने की व्यापक व्यवस्था की गई है। कृषकों को धान, लघु धान्य (कोदो-कुटकी), अरहर, उड़द, मूंग, तिल, सोयाबीन, सनई ढेंचा एवं अन्य प्रमुख खरीफ फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीजों का वितरण सहकारी समितियों, कृषि विभाग के कार्यालयों, बीज प्रक्रिया केन्द्र, छेरकापुर (पलारी) के माध्यम से किया जा रहा है। जिले की कुल बीज मांग 32994 क्विंटल के विरूद्ध 19951.40 क्विंटल बीजों का भण्डारण किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध कुल 15073.50 क्विंटल बीजों का कृषकों को वितरण किया चुका है।*

## 19 से शुरू होंगे विवाह मुहूर्त

**खरोरा।** पुरुषोत्तम मास की समाप्ति के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम अब समाप्त होने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार 19 जून से विवाह के शुभ मुहूर्त पुनः प्रारम्भ होंगे। इसके चलते विवाह की तैयारियों में लगे परिवारों में उत्साह का वातावरण है। नगर के ज्योतिषाचार्य पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि अधिक मास के दौरान विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। अधिक मास समाप्त होने के बाद 19 जून से विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। यह क्रम देवशयनी एकादशी तक जारी रहेगा।



उन्होंने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं और चातुर्मास प्रारम्भ हो जाता है। इस अवधि में विवाह एवं अन्य शुभ मांगलिक कार्यों का आयोजन नहीं किया जाता। चातुर्मास समाप्त होने के बाद नवंबर माह में देवउठनी एकादशी से पुनः विवाह मुहूर्त प्रारम्भ होंगे। विवाह सीजन शुरू होने से मैरिज गार्डन, टेंट हाउस, कैटरिंग, बैंड-बाजा, ज्वेलरी एवं वस्त्र व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में कई परिवारों ने विवाह की तैयारियां तेज कर दी है।

## एकादशी पर राहगीरों को शीतल जल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पुरुषोत्तम मास निर्जला एकादशी पर बुधवार को खरोरा के राम मोबाइल चौक में राहगीरों के लिए शीतल जल वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर मानव सेवा और जनकल्याण का संदेश दिया।



कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पं. अंजू पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अनीता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में राजेश पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, गिरिजा द्विवेदी, सोनम तिवारी, गोपेश्वर तिवारी, माधुरी शर्मा, राजू, श्रेया, मथुरेश शर्मा, सावन शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर सेवा और परोपकार की भावना से राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराया गया। गर्मी से राहत देने के इस प्रयास को स्थानीय नागरिकों ने सराहनीय बताते हुए सामाजिक सरोकार और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## परिवहन टीम ने की स्कूल बसों की जांच, जांची फिटनेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी आन कमेटी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त स्कूली बसों का निरीक्षण गुरुवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण बलौदाबाजार में किया गया।

जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा स्कूल बसों में अग्निशमक यंत्रों के परिचालन रख - रखाव एवं आगजनित घटनाओं पर आपात स्थिति में निपटने हेतु परीक्षण दिया गया। सभी चालक, परिचालक को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं सुरक्षित वाहन संचालन के सबंध में निर्देश दिए गए। जांच कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी एम.एल.साहू एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहू उपस्थित थे।





### कमियों को दूर करने के निर्देश

निरीक्षण में कुल 86 स्कूल बसों में जांच की कार्यवाही की गई, जिसमें कुछ स्कूल बसों में कमियां पाई गई। जिसे सुधार करने हेतु स्कूल संस्था को निर्देशित किया गया है। जांच में उपस्थित सभी 86 बसों के चालक, परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा किया गया है।

## सुपोषण मित्र के माध्यम से होगी कड़ी मॉनिटरिंग, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# बच्चों को सुपोषित करने चलेगा विशेष सुपोषण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाने जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए विशेष सुपोषण अभियान चलाया जाएगा। इस मुहिम की कार्ययोजना एवं संचालन के सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों में लगभग 9000 बच्चे कुपोषित है, जो बड़ी संख्या है। बच्चे देश के भविष्य है और उनका सुपोषित होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी 9000 कुपोषित बच्चों को अगले 6 माह में सुपोषित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अनुसार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को मनोयोग से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी कर्मचारी बेहतर कार्य करेगा उसे सम्मानित किया जाएगा तथा लापरवाही पर कार्यवाही होगी।

### एक पंचायत एक सुपोषण मित्र

विशेष सुपोषण अभियान की मॉनिटरिंग के लिये एक पंचायत एक सुपोषण मित्र अंतर्गत जिला अधिकारी को सुपोषण मित्र बनाया जाएगा जो पंचायत में एक पंचायत अंतर्गत जितने आंगनबाड़ी केन्द्र है उसका मॉनिटरिंग करेगा। औचक निरीक्षण के दौरान कमियों पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही सरपंच, वार्ड पार्षद, सचिव को भी कुपोषित बच्चों देखभाल हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया है।



### छूटे हुए बच्चों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कराते हुए छूटे हुए सभी बच्चों का अगले 15 दिन में कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में बाउंड्रीवाल के किनारे युक्त रिक्त जमीन है वहां पपीता और मुनगा के पेड़ लगाने के भी निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी,डीपीओ अतुल परिहार सहित डीपीएम एवं सीडीपीओ उपस्थित थे। अभियान के तहत सभी 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों का चिरायु टीम के द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। सबसे पहले इनका पीएच सी एवं सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण होगा। स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर आवश्यक दवाई दिया जाएगा. इसके साथ ही हर एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा। भर्ती हेतु 15 -15 दिन के लिए बच्चों का लिस्ट तैयार किया जाएगा।

### सप्ताह में 5 दिन मिलेंगे पौष्टिक लड्डू

विशेष सुपोषण अभियान के तहत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 5 दिन एक- एक पौष्टिक लड्डू दिया जाएगा। यह पौष्टिक लड्डू स्थानीय स्तर पर समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया जाएगा। इस पौष्टिक लड्डू का निर्माण गेहूं,बेसन, रागी,मुनगा पॉवडर,गुड़, तिल,मूंगफली जैसे उच्च पौष्टिक पदार्थ से किया जाएगा। प्रातः 10 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र में ही सहायिका द्वारा बच्चों को लड्डू खिलाई जाएगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रति दिन गृह भेंट अंतर्गत बच्चों के घर जाकर उनके माता पिता को बच्चे की सही देख-भाल,समय पर पौष्टिक देने के सम्बंध में जागरूक करेंगे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीवास्तव के निवास पहुंचे टीएस सिंहदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत बलौदाबाजार पहुंचे। व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रमों के बीच उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचकर पारिवारिक भेंट की। बताया गया कि अंबिकापुर में सतीश श्रीवास्तव के ससुराल पक्ष से टीएस सिंहदेव के पुराने पारिवारिक संबंध रहे हैं। इसी आत्मीयता के चलते उन्होंने श्रीवास्तव परिवार से मुलाकात कर पुराने संबंधों को ताजा किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश श्रीवास्तव, उनकी पत्नी वीनम श्रीवास्तव तथा पुत्रियाँ श्रेया और श्रुति ने टी.एस. सिंहदेव का आत्मीय स्वागत किया। मुलाकात के शेष पेज 14 पर







संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007


मा. प्रमोद शर्मा
मा.आनंद यादव
मा. अशोक जैन
मा. आकांक्षा जायसवाल
मा. विजय केशरवानी
मा. अनिल अग्रवाल
मा. कृष्णा अवस्थी
मा. नवीन अग्रवाल
मा. चंद्रकला वर्मा
मा. श्याम नारंग
मा. लक्ष्मी बघेल
12 जून
जीवेत शरदः शतम्
सहज स्वभाव, विनम्र विचार और विकास के प्रति समर्पित नेतृत्व को शुभकामनाएं...
माननीय
श्री टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
को
जन्मदिन की
बहुत बहुत शुभकामनाएँ
मान. टंकराम वर्मा
मंत्री - राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
पुनर्वास, उच्च शिक्षा, छ.ग. शासन
डॉ. दौलत पाल
मण्डल अध्यक्ष,
हथबन्द नवापारा
हेमंत बघमार
मंडल अध्यक्ष
सुहेला
रवि वर्मा
मण्डल अध्यक्ष
बलौदाबाजार ग्रामीण
राकेश ध्रुव
मण्डल अध्यक्ष
बलौदाबाजार शहर
मनोज निषाद
मण्डल अध्यक्ष
तिल्दा शहर
नरसिंग वर्मा
मण्डल अध्यक्ष
तिल्दा ग्रामीण
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप

### हैदराबाद में इंवेस्टर्स मीट 12 को, मुख्यमंत्री साय और उद्योग मंत्री शामिल होंगे

रायपुर। प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को गति देने हैदराबाद में 12 जून को छत्तीसगढ़ इंवेस्टर्स कनेक्ट मीट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। आयोजन में देश के प्रमुख उद्योगपति और निवेशक बैठक में शामिल होंगे। विभिन्न औद्योगिक घरानों से राज्य में करीब 8 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इसमें से कई परियोजनाओं पर काम शुरू भी हो चुका है। राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है, जिससे निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। निवेशकों को प्रदेश की नई उद्योग नीति के साथ मौजूदा संसाधनों और निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराना है। औद्योगिक नीति पर देशभर के निवेशकों से सकारात्मक प्रक्रिया मिल रही है। हैदराबाद में होने वाले इंवेस्टर्स मीट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होकर इस बारे में निवेशकों से चर्चा कर मिले प्रस्ताव को धरातल में लाने का प्रयास करेंगे। राज्य में निवेश बढ़ने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कल से दो दिवसीय प्रवास पर

रायपुर। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह 12 जून को दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने यह जानकारी दी। श्री सिंह यहां जनसम्पर्क कार्यक्रमों के साथ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, राज्य व क्षेत्रीय टेक्सटाइल्स अधिकारियों के साथ बैठक आदि में हिस्सेदारी करेंगे। केंद्रीय मंत्री 12 जून को दोपहर दो बजे राजधानी पहुंचेंगे। अपराह्न 3.15 बजे इट्सा अस्पताल (सड्डू) में विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सामाजिक कार्यक्रमों में प्रति घंटा की दर से ऑनलाइन करा सकेंगे बुकिंग

# टाउनहॉल, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार शहीद स्मारक भवन में अब ऑनलाइन बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अब मेट्रो सिटी की तर्ज पर सामाजिक, सांस्कृतिक, इनोवेशन से जुड़े प्रोग्राम करने वाले आयोजकों के लिए नगर निगम का संस्कृति विभाग अब किफायती किराये पर प्रति घंटे की दर से टाउनहॉल, शहीद स्मारक भवन का सभागार, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार, कम्यूनिटी हॉल सहित 23 अलग-अलग तरह के भवन उपलब्ध कराएगा।

इसके लिए बुकिंग ऑनलाइन करने की सुविधा देने अलग से ऐप तैयार किया जा रहा है। अपनी तरह की यह अनूठी सुविधा खासकर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, सोशल इंफ्लूएंजर और इवेंट आर्गेनाइजर को शहर के बीच मिलेगी। इससे शहर के अलग-अलग लोकेशन में बनाए गए ऐतिहासिक भवनों का संरक्षण होने के साथ ही यहां नियमित रूप से विविध आयोजन होने से कला व संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। यही नहीं, नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि होगी।





हरिभूमि सरोकार

### संस्कृति और विकास के कार्यों पर की चर्चा

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में उपायुक्त संस्कृति डॉ. अंजलि शर्मा ने संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी के गत दिनों नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की निगम मुख्यालय में बैठक लेकर उन्हें शहर के संस्कृति और विकास के कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान उनसे सुझाव भी लिए गए। बैठक में शामिल विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि वे शहर के विभिन्न स्थानों पर किराये से सभागार लेकर आयोजन किया करते हैं, पर उनका किराया इतना ज्यादा है कि वे चाहकर भी नियमित रूप से विविध कार्यक्रम नहीं कर पा रहे। इस पर नगर निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी और उपायुक्त संस्कृति डॉ. अंजलि शर्मा ने बताया कि नगर निगम इस तरह के आयोजनों के लिए किफायती किराए पर टाउनहॉल, आनंद समाज लाइब्रेरी में बनाए गए सर्वसुविधा युक्त सभागार, शहीद स्मारक भवन, कम्यूनिटी हॉल के अलावा शहर में स्थित विभिन्न सामुदायिक भवन में आयोजन कर सकते हैं। इससे आयोजन में ज्यादा लोग आएंगे और अधिक से अधिक लोग संस्कृति विकास से लाभ उठा सकेंगे। इससे सांस्कृतिक, सामाजिक आयोजन नियमित रूप से होने के साथ ही ऐतिहासिक भवनों के इतिहास से लोग परिचित हो सकेंगे। सामाजिक संगठनों ने संस्कृति विभाग को सुझाव दिया कि सांस्कृतिक कल्चर कैलेंडर तैयार किया जाए जिससे उन्हें समय अनुकूल आयोजन करने में आसानी हो।

*घर बैठे ऑनलाइन बुकिंग की तैयारी, एक क्लिक पर इन भवनों की अपडेट सूची* *: अभी तक नगर निगम के सामुदायिक भवन, शहीद स्मारक भवन, आनंद समाज लाइब्रेरी सभागार, कम्युनिटी हॉल, सियान सदन, अंबेडकर भवन सहित अन्य भवनों की बुकिंग ऑफ लाइन होती रही, पर अब 23 भवनों को सूचीबद्ध कर ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।*

### प्रमुख भवन और उनका किराया इस तरह

- आनंद समाज लाइब्रेरी : प्रथम तल हॉल 1 हॉल, 1 गैलरी क्षमता 100 वातानुकूलित आधे दिन का किराया 1 हजार रुपए, पूरे दिन का 2 हजार रुपए
- टाउन हॉल सभागार शास्त्री चौक 1 हॉल 100 लोगों की बैठने की क्षमता वातानुकूलित एक घंटा के लिए 1 हजार किराया, 300 रुपए बिजली, तीन घंटा से अधिक के लिए 5 हजार रुपए किराया, 1 हजार बिजली
- शहीद स्मारक रजबंधा मैदान मौदहापारा 2 हॉल बैठने की क्षमता करीबन 600 एसी जनरेटर सुविध आधे दिन का किराया 40,400 रुपए पूरे दिन 69,900
- अंबेडकर भवन कबीर चौक के पास सिविल लाइन 1 हॉल, 2 रूम क्षमता 150 नान एसी जनरेटर सुविधा नहीं 3894 रुपए प्रतिदिन का किराया
- बैरनबाजार सामुदायिक भवन फौवारा चौक 2 हॉल, 3 रूम क्षमता - 100 एसी सुविधा 2242 रुपए किराया प्रतिदिन
- गंगाराम सामुदायिक भवन इंडोर स्टेडियम के पीछे 1 हॉल 1 रूम क्षमता - 100 नान एसी किराया एक दिन का 4 हजार रुपए

# शुल्क वृद्धि वापस लेने विरोध तेज, रविवि ने की है 46 प्रतिशत बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन ने किया प्रदर्शन

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा परीक्षा शुल्क सहित अन्य मदों में वृद्धि का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन ने रविवि के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने 46 फीसदी परीक्षा शुल्क वृद्धि और हर साल 5% फीस बढ़ाने को छात्र विरोधी निर्णय बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। संगठन का कहना है कि परीक्षा शुल्क में एकमुश्त 46 फीसदी की भारी बढ़ोतरी करना और आगामी सत्र 2026-27 से हर साल 5% फीस बढ़ाने का निर्णय आत्मघाती और निंदनीय है। इसके अतिरिक्त अंकसूची सत्यापन के नाम पर तय की गई 5000 रुपए की अनुचित राशि को भी तुरंत निरस्त करने की मांग रखी गई है। प्रशासनिक भवन के सामने विरोध कर रहे छात्रों को रोकने पुलिस बल भी तैनात की गई थी। हालांकि बल प्रयोग अथवा किसी तरह की अप्रिय स्थिति प्रदर्शन के दौरान निर्मित नहीं हुई।

### सरकारी विवि का यह रवैया शर्मनाक

प्रदर्शन में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी पहुंचे थे। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान कहा, विश्वविद्यालय प्रशासन इस बात को भूल रहा है कि यह एक सरकारी विश्वविद्यालय है, जहां प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी अंचलों और अत्यंत गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा का सपना लेकर आते हैं। सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के कारण छात्रों को पहले से ही साल में दो बार परीक्षा फॉर्म और फीस भरनी पड़ती है, जिससे वे आर्थिक रूप से अत्यधिक बोझ तले दबे हुए हैं। ऐसी स्थिति में न्यूनतम परीक्षा फीस को सीधे 1080 रुपए से बढ़ाकर 1580 रुपए कर देना इन गरीब छात्रों की कमजोर आर्थिक स्थिति पर सीधा आघात है, जिसका अर्थ उन्हें शिक्षा से वंचित करना है। इसके अतिरिक्त, नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए आने वाले पूर्व छात्रों से अंकसूची और पाठ्यक्रम के सत्यापन के नाम पर 5000 रुपए वसूलने का नया नियम किसी भी सरकारी शैक्षणिक संस्थान के लिए अत्यंत शर्मनाक है और खुली लूट को दर्शाता है।

## पेज 11 के शेष

### वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीवास्तव...

दौरान सिंहदेव ने वीनम श्रीवास्तव के साथ परिवार के साथ बिताए गए पुराने दिनों की मधुर स्मृतियों को साझा की। उन्होंने इंदौर में अध्ययनरत सतीश श्रीवास्तव के पुत्र अर्नव श्रीवास्तव के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के अनुसार, सतीश श्रीवास्तव के निवास पर आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः गैर- राजनीतिक एवं पारिवारिक स्वरूप का था।

इस दौरान पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, राजा तिवारी, गणेश शंकर साहू, लखेश साहू, सुभाष राव, मोरध्वज श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्कूल खुलने के...

पाठ्य पुस्तक निगम ने सरकारी स्कूलों में किताबों को पहुंचाने का काम शुरू तो किया है, लेकिन अभी तक सभी संकुलों में किताबें नहीं पहुंची है। खास बात यह है कि सभी निजी स्कूलों में भी एनसीआरटी की किताबें अनिवार्य है। लेकिन निजी स्कूलों को किताबें कब तक मिलेंगी, इसकी जानकारी निजी स्कूलों को भी नहीं है। कांग्रेस के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने शासन से स्कूलों में किताबें जल्द से जल्द पहुंचाने की अपील की है।
















संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007













संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007







संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007




संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007













संकलनकर्ता : दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें : मो. 9926204007, सहयोगी : संजय रजक, संवाददाता ग्राम अर्जुनी
















संकलनकर्ता- शंकर सिंह राजपूत, मो.- 9826123186

परमेश्वर वर्मा, मो.- 7987665508













संकलनकर्ता इंदर कोटवानी तिल्दा नेवरा 7000 171605, व्हाट्सएप नंबर 93006 88639

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप-मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने निर्माणाधीन स्काईवॉक में बरती जा रही गंभीर वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं पर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि स्काईवॉक का निर्माण पिछले कई वर्षों से अटका हुआ था। जर्जर और कमजोर स्ट्रक्चर पर ही बिना किसी तकनीकी जांच के दोबारा टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जंग लगे हुए सरिया, पाइपों और जर्जर हो चुके कंक्रीट को ठीक करने के बजाय, उसके ऊपर से डेकोरेटिव शीट्स और टाइल्स लगाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि इतनी बड़ी लापरवाही बिना विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की आपसी साठगांठ के संभव नहीं है।

### सिंधी काउंसिल ने बांटा समर हेल्थ किट



**रायपुर।** माता साहिब हासा देवी (माता साहिब कौर) के 200वें जयंती के अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा टिंबर मार्केट में बुधवार को समर हेल्थ किट वितरण किया गया। सिंधी काउंसिल द्वारा भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से आम जनता, यात्रियों और कर्मचारियों को बचाने के लिए समर हेल्थ किट वितरण की शुरुआत की गई है। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया पांच स्थानों में हेल्थ किट वितरण की योजना है। इस विशेष अभियान में युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना की विशेष भूमिका है। किट वितरण के अवसर पर सूर्याश जेठानी, महामंत्री सुनील कुकरेजा, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी, विनय वाधवा, सूर्याश जेठानी आदि उपस्थित थे।

### सौरभ ने किया कार्यभार ग्रहण



रायपुर। आयुक्त, सहकारिता, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश के परिपालन में मंगलवार को सौरभ शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि वे सहकारिता के सिद्धांतों एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए संघ को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने सहकारी संस्थाओं के विकास, सदस्य हितों के संरक्षण तथा सहकारिता आंदोलन को नई दिशा प्रदान करने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। श्री शर्मा को अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने पर उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### हरियाली रिपोर्ट में नहीं वास्तविकता में भी दिखे

**रायपुर।** जून आते ही छत्तीसगढ़ में वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत हो जाती है। पिछले 25-26 वर्षों से हर साल करोड़ों पौधे लगाने के दावे किए जाते हैं। वन विभाग, मनरेगा, कैम्पा, नगरीय प्रशासन, उद्योग, पंचायतें और न जाने कितने विभाग करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। लेकिन एक सीधा सवाल है, आखिर ये पौधे जाते कहां हैं? क्योंकि पेड़ लगाना आसान है, पेड़ बचाना कठिन है। कितना भी खर्च कर ले, हरियाली केवल रिपोर्टों में ही दिखाई देगी, धरातल पर नहीं। इस संबंध में नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि, रायपुर शहर में ही लाखों पौधे माँ के नाम लगाए जाने के दावे हुए।

# पुरुषोत्तम मास की कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तिमय हुआ मठ मंदिर परिसर

## श्रद्धालुओं ने परिवार और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण स्थित स्थानीय मठ मंदिर में अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के अवसर पर आयोजित धार्मिक कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है।

कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान की आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई तथा परिवार, समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की मंगल कामना की गई।

मंदिर परिसर में गूंजते भगवान के जयकारे, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। कथा स्थल पर महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिल रही है, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई है। मठ मंदिर प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक मास के इस पुण्य अवसर पर कथा श्रवण, पूजा-अर्चना एवं धर्म-कर्म में सहभागिता कर आध्यात्मिक एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



### दान-पुण्य, जप-तप और सत्कर्मों का महत्व बताया

मठ मंदिर के पुजारी रामेश्वर दास त्यागी महाराज विगत एक माह से अधिक समय से श्रद्धालुओं को पुरुषोत्तम मास की महिमा का श्रवण करा रहे हैं। कथा के माध्यम से वे अधिक मास के धार्मिक महत्व, दान-पुण्य, जप-तप, व्रत एवं सत्कर्मों के फल तथा सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं का सरल एवं प्रेरणादायी वर्णन कर रहे हैं। उनके प्रवचनों से श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि अपने जीवन में धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित हो रहे हैं।

## विकास : जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने से बढ़ेगी स्वच्छता

# नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्रामीणों को मिलेगी जलभराव से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

भरुवाडीह के आश्रित गांव पौसरी में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमिपूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि नाली निर्माण से गांव में जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होगी तथा बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा द्वारा बताया गया कि इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण मिलने के साथ-साथ आवागमन में भी सुविधा होगी। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों प्रभाकर मिश्रा कमलेश्वरी यादव नैना बाई ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नाली निर्माण कार्य भी इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर खुशी व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत का आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्य से गांव की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा और गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का संकल्प लिया। पौसरी में शुरू हुआ यह विकास कार्य ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात माना जा रहा है भूमिपूजन कार्य के दौरान पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा वरिष्ठ पंच प्रभाकर मिश्रा कमलेश्वरी यादव नैना बाई पारधी संतोष कुमार ध्रुव सरस्वती सगरवंशी बीना बाई ध्रुव हेमंत सगरवंशी देवनाथ पारधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फुलेश्वरी यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे



# प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर भाजपा नेताओं ने व्यक्त की प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक निरंतर सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्यभामा साहू ने इसे भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत बताया है। सत्यभामा साहू ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के निर्वाचित कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा यह उपलब्धि केवल आंकड़ों की नहीं है। बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी की नीति नियत और नेतृत्व पर 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रमाण है 2014 से शुरू हुआ। यह सफर आज भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर है सेवा के 12 वर्ष उपलब्धियों के प्रमुख पड़ाव सत्यभामा साहू ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की ऐतिहासिक सफलताओं को रेखांकित करते हुए, कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। गरीब कल्याण आयुष्मान भारत से मुफ्त इलाज, उज्ज्वला योजना से रसोई गैस और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों परिवारों को अपना पक्का घर मिला क्रांतिकारी कदमों ने व्यापार को सुगम बनाया। देश के कोने-कोने तक पहुंचता नेशनल हाईवे का जाल, आधुनिक रेलवे स्टेशन और वंदे भारत जैसी ट्रेनों ने परिवहन की परिभाषा बदल दी। अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण और काशी-महाकाल लोक का जीर्णोद्धार कर भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल पर स्थापित किया। अनुच्छेद 370 को हटाना और सीमा सुरक्षा को मजबूत कर भारत ने दुनिया को अपनी ताकत का अहसास कराया। आज वैश्विक मंच पर भारत की आवाज सुनी जाती है। साहू ने बलौदाबाजार जिले की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# जिपं अध्यक्ष आकांक्षा के जन्म दिन पर नगर में आज होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल के जन्मदिवस पर शुक्रवार, 12 जून को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित नगर भवन में भव्य जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा, जो शाम 4 बजे तक चलेगा।

समारोह के दौरान प्रसिद्ध लोक कलाकार गंगा साहू की प्रस्तुति लोक बयार मोरध्वज नगरी आरंग के माध्यम से आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही आगंतुकों के लिए प्रीति भोज की भी व्यवस्था की गई है।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

आयोजन समिति से जुड़े पार्षद अमितेश नेताम, भाजपा मंडल महामंत्री संजय श्रीवास एवं सिविल लाइन दुर्गा उत्सव समिति, बलौदाबाजार ने जिले के समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों से समारोह में शामिल होकर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।



# तिल्दा रेलवे स्टेशन पर वृद्धा की मौत पर पुलिस इलाके के नाम पर उलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

तिल्दा रेलवे स्टेशन से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। एक वृद्ध महिला की मौत के बाद उसका शव घंटों तक खुले में पड़ा रहा, लेकिन कानून की रक्षा का दावा करने वाली तीन-तीन एजेंसियां— आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस—अपने-अपने अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचती रहीं। सवाल यह है कि जब एक बेबस महिला की लाश सम्मान की प्रतीक्षा कर रही थी, तब सिस्टम आखिर किस नियम की किताब पलट रहा था?

- आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस अपने-अपने अधिकार क्षेत्र का हवाला देते कागजी खानापूर्ति पर जुटी रही

तिल्दा रेलवे स्टेशन के टिकट घर के सामने निर्माणाधीन भवन में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ थाने को दी गई, लेकिन आरोप है कि कई घंटों तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।जब स्थानीय लोगों ने दोबारा रेलवे प्रशासन और आरपीएफ को सूचना दी तो मामला अधिकार क्षेत्र का बताकर जिम्मेदारी टाल दी गई। आरपीएफ ने मेमो भेजकर तिल्दा पुलिस को सूचना दे दी, जबकि स्थानीय पुलिस ने इसे रेलवे क्षेत्र का मामला बताते हुए जीआरपी की ओर इशारा कर दिया।

### 7 घंटे तक तड़पती रही इंसानियत, पुलिस तय करती रही इलाका



### कागजी कार्रवाई के नाम कार्रवाई थमी रही

नतीजा यह हुआ कि एक महिला का शव लगभग 7 घंटे तक मौके पर पड़ा रहा और पुलिस विभागों के बीच कागजी कार्रवाई घूमती रही। इस दौरान लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध महिला कई दिनों से रात के समय इसी स्थान पर दिखाई देती थी, शहर के समाज सेवी युवराज शर्मा.नीरजशर्मा ,गोला ज्ञान चंदानी रज महिला व अन्य को भोजन खिलाते थे .रात को भी महिला को भोजन दिया गया था ..लेकिन सुबह उसकी लाश पड़ी मिली .. हलाकि उसकी पहचान अभी उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

### सम्मान के लिए साथ घंटे की प्रतीक्षा

सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि किसी भी शिकायत या घटना को क्षेत्राधिकार के नाम पर लेने से इनकार नहीं किया जा सकता। जीरो एफआईआर की व्यवस्था इसी उद्देश्य से बनाई गई है कि पीड़ित या घटना कार्रवाई के अभाव में न फंसे। फिर एक मृत महिला के मामले में पुलिस विभागों के बीच यह सीमा विवाद क्यों चलता रहा?एक ओर सरकार संवेदनशील प्रशासन और सुशासन के दावे करती है, दूसरी ओर एक लावारिस वृद्ध महिला की लाश घंटों तक सम्मान की प्रतीक्षा करती रहती है। सवाल सिर्फ एक शव का नहीं है, सवाल उस व्यवस्था का है जो इंसानियत से पहले अपनी सीमाएं तलाशती है। अगर मौत के बाद भी सम्मान पाने के लिए सात घंटे इंतजार करना पड़े, तो फिर व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठना लाजिमी है।

### समाजसेवी संस्थाओं के साथ किया जाएगा कफन दफन

उधर करीब 6 घंटे बाद तिल्दा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पर उसने ससम्मान सफेद कफन ढककर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ..इस दौरान टींआई ने जिस सम्मान के साथ महिला को एंबुलेंस पर चढाया तो वह खड़े लोग पुलिस की जमकर प्रशंसा करते दिखे। इतना ही नहीं पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जलं सिह और एक अन्य आरक्षक ने बाकायदा उसे अपने हाथों से उठाकर एक प्रकार से कंधा देते हुए शव को एंबुलेंस में चढ़ाया। हालांकि देरी के कारण पुलिस की प्रशंसा के साथ कुछ लोगों में नाराजगी भी दिखी।थाना प्रभारी ने बताया कि मार्ग कम कर जांच की जा रही है दो दिनों तक शव को पहचान के लिए मरचुरी मैं सुरक्षित रखा जाएगा। यदि कोई वारिस सामने नहीं आएगा तो पुलिस द्वारा समाजसेवी संस्थाओं के साथ महिला का कफन दफन किया जाएगा ।फिलहाल जांच शुरू कर दी गई।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई

# पेंशनरों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई बलौदाबाजार की मासिक बैठक अध्यक्ष एस डी पड़वार के नेतृत्व मे,प्रदेश महामंत्री डी पी जैन, जिलाध्यक्ष एस एम पाध्ये के निर्देशन मे व वरिष्ठ सदस्य पूर्व प्राचार्य जय नारायण केसरवानी की अध्यक्षता मे बुधवार 10 जून को आदर्श प्राथमिक शाला के सभागार मे संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुआ। विगत दिनों प्रदेश मुख्यालय रायपुर मे आयोजित प्रांतीय बैठक मे हुई चर्चा के लिए गए, निर्णयों से संघ के सदस्यों को अवगत कराते हुए संघ की आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित छ ग ग्रामीण बैंक शाखा बलौदाबाजार के प्रबंधक राहुल कुमार तथा बैंक के बलौदाबाजार स्थित क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख श्री गुप्ता ने पेंशनरों के हित मे बैंक की योजनाओं को विस्तार से बताते हुए उनकी बैंक शाखा मे पेंशन खाता खोलने प्रेरित किया व इसके तुलनात्मक लाभ बताये। अपने उदबोधन मे अध्यक्षता कर रहे डॉ जयनारायण केशरवानी ने कहा कि नियमित बैठकों का उद्देश्य अपने साथियों की कुशल क्षेम जानना होता है। आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय होती है। किसी भी पेंशनर की समस्या का समाधान सम्मिलित रूप से हल किया जाता है। उन्होंने सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की तथा सदस्यों से बैठकों मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित रहने का आह्वान किया। प्रांतीय महामंत्री डी पी जैन ने सदस्यों द्वारा संघ के लिए दिए गए योगदान को रेखांकित करते हुए सभी से अपनी क्षमता, स्वेच्छा व श्रद्धा से सहयोग कर आगामी जिला सम्मेलन को यादगार बनाने के लिए आह्वान किया।

एस डी पड़वार ने सभी सदस्यों से प्राप्त सहयोग राशि का विवरण प्रस्तुत किया जो उन्हें वार्ड प्रभारियों से प्राप्त हुआ है.बैठक मे डॉ राजेश मिश्रा, सत्यप्रकाश पाण्डेय, डी आर चतुर्वेदी, प्रीत राम धीवर, राजेंद्र मिश्रा, के के वर्मा, यशवंत दुबे, जी पी वर्मा, काशीराम साहू, नेहरू लाल यादव व दौआराम वर्मा उपस्थित थे। वरिष्ठ सदस्य एस पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया।



# चंगोराभाठा में बिना अनुमति निर्माण, 4 भवनों पर चला जेसीबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के चंगोराभाठा क्षेत्र में पवार भवन के पीछे नगर निगम से बिना अनुमति निर्माणाधीन 4 भवनों में निगम के तोड़दस्ते ने बुधवार को जेसीबी मशीन लगाकर ढहाने अभियान चलाया। इनमें योगेश पटेल के 1 हजार वर्गफीट निर्माणाधीन भवन, मोहन सिंह के 1000 वर्गफीट निर्माणाधीन भवन, इसी तरह नोहर सिंग और संदीप राय के 1000-1000 वर्गफीट निर्माणाधीन अनाधिकृत निर्माण को तोड़ गिराया। टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन 5 कमिश्नर क्षेत्र स्थित चंगोराभाठा में निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर तोड़दस्ते ने बिना अनुमति निर्माणाधीन 4 भवनों में निर्मित दीवार, कॉलम, बीम, छज्जा सहित अन्य निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। यह कार्रवाई जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 5 सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उप अभियंता नगर निवेश टिकेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में जिला यातायात पुलिस, मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 5 के नगर निवेश विभाग की टीम की उपस्थिति में की गई।